भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

**लोक सभा**

अतारांकित प्रश्न संख्या 501
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

**पारंपरिक मछुआरों को वित्तीय सहायता**

**501. श्री सुधाकर तुकाराम श्रंगारे:**
**श्री बिद्‌युत बरन महतोः**
**श्री रणजितसिंह नाईक निंबालकर:**
**श्री दिलीप शइकीयाः**
**श्री नारणभाई काछड़ियाः**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार पारम्परिक मछुआरों को उन की नौकाओं को गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाली नौकाओं में परिवर्तित करने के लिए कोई वित्तीय सहायता प्रदान करती है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रदान की गई ऐसी वित्तीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा गहरे समुद्र के संसाधनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए मछुआरों को अंत: निर्मितत प्रसंस्करण सुविधाओं से सुसज्जित आधुनिक मछली पकड़ने वाली नौकाएं उपलब्ध कराने के लिए उठाए गए नए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**

**(श्री परशोत्तम रूपाला)**

(क) से (ग): मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत अन्य बातों के साथ-साथ पारंपरिक मछुआरों के लिए डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के अधिग्रहण के लिए सहायता प्रदान करता है । इस योजना के तहत, डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के अधिग्रहण के लिए 48.00 लाख रु/- प्रति डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स की अधिकतम सीमा के साथ सामान्य वर्ग के लिए 40% तक और 72.00 लाख प्रति डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स की अधिकतम सीमा के साथ अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / महिलाओं के लिए 60% तक की सरकारी वित्तीय सहायता प्रदान की गई है । विगत तीन वर्षों (2020-21 से 2022-23) और वर्तमान वर्ष (2023-24) के दौरान, 555.60 करोड़ रु/- की कुल लागत से कुल 463 डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के अधिग्रहण के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है । अनुमोदित डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स का वर्षवार विवरण नीचे दिया गया है:

| क्रम सं | वर्ष | अनुमोदित डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स की संख्या | कुल लागत (रु/- करोड़ में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2020-21 | 114 | 136.80 |
| 2 | 2021-22 | 151 | 181.20 |
| 3 | 2022-23 | 195 | 234.00 |
| 4 | 2023-24 | 3 | 3.60 |
| | **कुल** | **463** | **555.60** |

मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय ने नाव निर्माण यार्ड के मानकों के साथ साथ पीएमएमएसवाई के तहत आधुनिक उपकरणों वाले डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के डिजाइन और अधिग्रहण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

इसके अलावा, निर्यात क्षमता के लिए मौजूदा डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के उन्नयन के लिए भी मत्स्यपालन विभाग, मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय पीएमएमएसवाई के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है । विगत तीन वर्षों (2020-21 से 2022-23) और वर्तमान वर्ष (2023-24) के दौरान, 168.75 करोड़ रुपये की कुल लागत पर निर्यात क्षमता के लिए कुल 1172 मौजूदा डीप सी फिशिंग वेस्स्ल्स के उन्नयन के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया है ।

*****